कार्यालय प्राचार्य,डॉ.मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल (भिलाई),
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
Email id –mlsjamulcollege@gmail.com

# प्रतिवेदन

# रेडक्रॉस रैली

08-सितम्बर-2022

डॉ मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय, जामुल भिलाई, दुर्ग, (छग) के रेडक्रॉस यूनिट के तत्वाधान मे दिनांक 08-09-2022 को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के 51 से मी अधिक छात्र – छात्राओ की रैली निकालकर नगर भ्रमण किया तथा साक्षरता के महत्व पर स्लोगन एवं नारे से जनमानस को साक्षरता के प्रति जागरूक किया | इस आयोजन का उद्देश्य साक्षरता दर को बढ़ाना, महिला साक्षरता को बढ़ावा एवं उच्च शिक्षा के प्रति समाज एवं ग्राम को जागरूक करना था इस रैली मे छात्र-छात्राओ के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी. डी सोनकर, वरिष्ट प्राध्यापक डॉ. चंदना बोस ,गजेन्द्र कश्यप, डॉ रमेश मेश्राम, डॉ संजय परगनिहा, कु. विनिता परगनिहा, की सहभागिता रही | साक्षरता के महत्व को बताते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. डी. सोनकर ने बताया की साक्षरता किसी भी देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होती है | रेडक्रॉस यूनिट प्रभारी डॉ. शशि कश्यप ने बताया की शिक्षा के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है तथा एक साक्षर व्यक्ति न सिर्फ अपना जीवन बेहतर बनाता है अपितु अपने परिवार, समाज, राज्य एवं राष्ट्र को भी विकसित कर सकता है इसके पश्चात नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई |

नई दुनिया – 9 Sept. 2022 को प्रकाशित

# छात्रों ने साक्षरता के प्रति लोगों को किया जागरूक

नई दुनिया 9 Sept 2022



जामुल कालेज द्वारा आयोजित नारा लेखन स्पर्धा में प्रतिभागी। ● नईदुनिया

**जामुल(नईदुनिया न्यूज)।** डा मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल भिलाई के रेडक्रास यूनिट के द्वारा अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर रैली निकाली। इसमें प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिवपुरी जामुल एवं ग्राम सुरडुंग में रैली के माध्यम से साक्षरता का महत्व बताते हुए लोगों को जागरूक किया गया। प्राचार्य डा पीडी सोनकर ने बताया कि साक्षरता किसी भी देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होती है। रेडक्रास यूनिट प्रभारी डा शशि कश्यप ने बताया कि शिक्षा के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। बताया कि साक्षर व्यक्ति न सिर्फ अपना जीवन बेहतर बना सकता है अपितु अपने परिवार, समाज, राज्य एवं राष्ट्र को भी विकसित कर सकता है। रैली के बाद नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम मनीषा साहू, द्वितीय ज्योति निर्मलकर, तृतीय केसरी निर्मलकर रही। आयोजन में कालेज के स्टाफ गजेंद्र कश्यप, डा रमेश मेश्राम, डा संजय परगनिहा, डा चंदना बोस, डा शशि कश्यप एवं विनीता परगनिहा की सहभागिता रही।